**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 794

दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

**तमिलनाडु में महिला सशक्तीकरण योजनायें**

**794. श्री मुरसोली एस:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु के तंजावुर जिले में पोषण अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) तंजावुर जिले में सक्षम आंगनवाड़ी मिशन के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ग) तंजावुर जिले में मिशन शक्ति के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और ब्यौरा क्या है; और

(घ) तंजावुर जिले में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**

**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

(क) और (ख) 15वें वित्त आयोग के तहत; विभिन्न घटक जैसे कि आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए योजना (आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14-18 वर्ष) को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के अंतर्गत शामिल किया गया है ताकि कुपोषण की चुनौती का समाधान किया जा सके।

तमिलनाडु के तंजावुर जिले में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) तमिलनाडु के तंजावुर जिले में मिशन शक्ति के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(घ) मिशन वात्सल्य के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण केवल राज्यवार उपलब्ध है। तमिलनाडु के संबंध में जानकारी अनुलग्नक-III में दी गई है।

**अनुलग्नक-I**

“तमिलनाडु में महिला सशक्तीकरण योजनाएं” के संबंध में श्री मुरसोली एस द्वारा पूछे गए दिनांक 29.11.2024 के लोक सभा प्रश्न संख्या 794 के भाग (क और ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

तमिलनाडु के तंजावुर जिले में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण इस प्रकार है:

| **श्रेणियाँ** | **लाभार्थियों की संख्या** |
|---|---|
| गर्भवती महिलाएं | 8,550 |
| स्तनपान कराने वाली माताएं | 7,087 |
| बच्चे (0-6 माह) | 6,954 |
| बच्चे (6 माह-3 वर्ष) | 56,064 |
| बच्चे (3-6 वर्ष) | 59,891 |

* आंकड़े माह अक्टूबर 2024 हेतु पोषण ट्रैकर से लिए गए हैं।

**अनुलग्नक-II**

“तमिलनाडु में महिला सशक्तीकरण योजनाएं” के संबंध में श्री मुरसोली एस द्वारा पूछे गए दिनांक 29.11.2024 के लोक सभा प्रश्न संख्या 794 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

तमिलनाडु के तंजावुर जिले में मिशन शक्ति के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण इस प्रकार है:

| **योजनाएं** | **लाभार्थियों की संख्या** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|
| पीएमएमवीवाई | 59,224 | आरंभ से लेकर 26 नवंबर 2024 तक |
| वन स्टॉप सेंटर | 2,513 | वर्ष 2019 से 31 अक्टूबर 2024 तक |
| शक्ति सदन | 54 | 30 सितंबर 2024 के अनुसार |
| पालना | 2,569* | * 30 सितंबर 2024 तक तमिलनाडु राज्य के आंकड़े<br>जिला-वार आंकडे उपलब्ध नहीं हैं |

**अनुलग्नक-III**

“तमिलनाडु में महिला सशक्तीकरण योजनाएं” के संबंध में श्री मुरसोली एस द्वारा पूछे गए दिनांक 29.11.2024 के लोक सभा प्रश्न संख्या 794 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत लाभार्थियों का विवरण केवल राज्यवार उपलब्ध है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए तमिलनाडु के संबंध में जानकारी इस प्रकार है:

| | |
|---|---|
| संस्थागत देखरेख के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | 10,118 |
| गैर-संस्थागत देखरेख के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | 5,411 |

*****